आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 17.03.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है—सात चरणों में चुनाव सम्पन्न होगें।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोक सभा सीट के लिए मतदान पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को होगा।
- चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श चुनाव सहिता लागू हो गई है।
- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

<><><><><><><>

लोक सभा चुनाव दो हजार चौबीस के लिए तारीखों की घोषणा कर दी गई है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल संवाददाताओं को जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इस बार भी चुनाव सात चरण में आयोजित होंगे और मतों की गिनती एक साथ चार जून को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को एक सौ दो सीटों के लिए मतदान किया जाएगा। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को नवासी सीटों के लिए मतदान होगा। सात मई को तीसरे चरण में कुल चौरानब्बे सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। चौथे चरण में तेरह मई को छियानब्बे सीटों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएंगे। बीस मई को पांचवे चरण में उनचास सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। पच्चीस मई को छठे चरण का चुनाव कराया जाएगा और इसमें कुल सत्तावन सीटों के लिए मतदान होगा। सातवें और अंतिम चरण का चुनाव एक जून को निर्धारित किया गया है और इस दिन भी सत्तावन सीटों के लिए मतदान होगा। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोक सभा सीट के लिए मतदान पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को होगा। इसके लिए अधिसूचना बीस मार्च को जारी होगी। सत्ताईस मार्च तक नामंकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामंकन पत्रों की जांच अटठाईस मार्च को होगी। तीस मार्च तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते है। मतदान उन्नीस अप्रैल को कराया जाएगा।

<><><><><><><>

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने देशभर के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतंत्र के महा—पर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और एक मजबूत राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि

चुनाव एक त्यौहार है। चुनाव का पर्व देश का गर्व है। उन्होंने कहा कि ये एक ऐतिहासिक अवसर है और देश में हम एक त्यौहार का माहौल देंगे। श्री राजीव कुमार ने कहा कि हर चुनाव एक चुनौती है जिसके लिए हम पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और यादगार बनाने के लिए चुनाव संबंधी जानकारियां साझा की जाएंगी। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा इस बार के चुनाव में पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं की संख्या भी काफी अधिक है। उन्होंने ऐसे सभी युवा मतदाताओं से न सिर्फ अपने मताअधिकार का प्रयोग करने की अपील की बल्कि उनसे एम्बेसडर बनने का भी अनुरोध किया और अपने साथी युवा मतदाताओं से भी मतदान के दिन वोट डालने के लिए उन्हे भी प्रेरित करने को कहा। उन्होंने कहा कि चुनाव में धन बल का प्रयोग रोकने के लिए भी विशेष कदम उठाए गए है और इसके लिए प्रवर्तन अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई है। बैंकों से भी कहा गया है कि वे संदिग्ध लेन देन पर निगरानी रखें। हवाई अड्डे पर भी निगरानी रखी जाएगी। शोर शराबा गंदगी को रोकने के लिए हर राज्य के नामित अधिकारी प्राधिकृत होगे, जो गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

<><><><><><><>

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि राजनीतिक दलों के लिए भी सख्त निर्देश दिए गए है और उनसे कहा गया है कि वे स्टार प्रचारकों को दिशा–निर्देशों से अवगत कराएं। उन्होंने राजनीतिक दलों से प्रचार अभियान के दौरान शालीनता बरतने और व्यक्तिगत हमले न करने को कहा। उन्होंने राजनीतिक दलों से मुद्दे अधारित प्रचार करने का अनुरोध किया।

श्री राजीव कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जाएगी और अफवाह तथा गलत संदेश फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने लोगों से भी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय गलत संदेशों को आगे न भेजने का भी अनुरोध किया। श्री राजीव कुमार ने कहा कि मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी सुविधाए उपलब्ध रहेगी। हर जिले में एक नियत्रंण कक्ष बनाया गया है। उन्होंने ज़िला मजिस्ट्रेटों को अपराध और अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखने का निर्देश देते हुए चुनाव में अस्थाई और अनुबंधित कर्मचारियों का सहयोग न लेने को

कहा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने सभी राजनीतिक दलों से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने में सहयोग देने का अनुरोध किया। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान की अध्यक्षता में हाल ही में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सी ई ओ वेबसाइट को और बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। उपयोग कर्ताओं को ध्यान में रखते हुए एन आई सी द्वारा नए वेबसाइट को तैयार किया जा रहा है ताकि इस्तेमाल कर्ताओं को सही जानकारियां मिल सके और वे चुनावी प्रक्रियाओं से अवगत हो सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एन आई सी से तुरन्त इस वेबसाइट को शुरू करने का निर्देश दिया। बैठक में उप–मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अलावा एन आई सी के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

उधर, ए डी एम और नोडल अधिकारी नन्दिनी महाराज की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के चुनावी खर्च की निगरानी तथा कई अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। बैठक में उम्मीदवारों से कहा गया कि वे चुनावी खर्च के लिए एक अलग बैंक खाता खोलें। उम्मीदवारों को कई प्रकार के रजिस्टर के रख–रखाव करने पर भी जानकारी दी गई। पार्टी नेताओं को जन सभा और बैठके आदि आयोजित करने के लिए अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया गया। पार्टी प्रतिनिधियों की ओर से भी कनेक्टिविटी अनुमति और प्रवर्तन गतिविधियों से जुड़े मामलों पर जानकारी हासिल की गई।

<><><><><><><>

इस बीच, जंगलीघाट खैतान मंडपम में आज स्वीप टीम की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ये शिविर सुबह साढ़े नौ बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग में नवनियुक्त मत्स्य निरीक्षक और मत्स्यकी फील्ड सहायको के लिए तीन सप्ताह का पुनश्चर्या कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मत्स्य सचिव ने हाल ही में इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों से इसका लाभ उठाने का अनुरोध किया। मत्स्य निदेशक विक्रम सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण पूरा

करने के बाद प्रशिक्षणार्थियों को फील्ड में अपने कार्यों को अंजाम देने में काफी सहयोग मिलेगा। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉक्टर के गोपाल ने कहा कि इससे मानव संसाधनों में सुधार करने में सहयोग मिलेगा।

**<><><><><><><>**